न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी मसूदा अजमेर
पीठासीन अधिकारी सुरेश चावला(RAS)
राजस्व प्रार्थना पत्र 18/2016

1. भैरू सुपुत्र देवी उम्र बालिग जाति जाट निवासी बरल द्वितीय हाल तहसील बिजयनगर जिला अजमेर राजस्थान ....प्रार्थी

बनाम

1. लादू सुपुत्र देवी उम्र बालिग जाति जाट
2. रोडू सुपुत्र देवा मुतबन्ना मगना उम्र बालिग जाति जाट निवासीगण बरल द्वितीय हाल तहसील बिजयनगर जिला अजमेर राजस्थान।
3. ललिता कोठारी पत्नि भंवरलाल उम्र बालिग जाति जैन निवासी भंवरबाडी बिजयनगर अजमेर। ....अप्रार्थीगण

राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम

प्रार्थी ने इस प्रार्थना पत्र में निवेदन किया है कि ग्राम बरल द्वितीय पटवार मंडल बरल द्वितीय भू0 अ0 नि0 क्षेत्र बिजयनगर तहसील बिजयनगर जिला अजमेर स्थित आराजी ख0 न0 1424 रक्बा 0–17–00 बिस्वा उनकी खुदकाश्त से खातेदारी की भूमि है जिनमें पडौसी काश्तकार अप्रार्थीगण पाल डोल डालने को लेकर विवाद करते रहते है अतः नियमानुसार पत्थरगढी करवाई जावे।

वकील प्रार्थी को सुनाया गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। ग्राम बरल द्वितीय की जमाबंदी संवत् 2070 – 73 के खाता संख्या 420 में प्रार्थी की खातेदारी की भूमि में है अतः वे पत्थरगढी करवाने के अधिकारी पाये जाते है। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है और आदेश दिये जाते है कि –

आदेश

तहसीलदार बिजयनगर को ग्राम बरल द्वितीय स्थित प्रश्नगत आराजी ख0 न0 1424 में मौका कमीश्नर रु 1500/– कोस्ट पर नियुक्त किया जाकर निर्देशित किया जाता है कि वह प्रश्नगत भूमि मौके पर जरिये माप एवं सीमांकन सीमा कायम कर पत्थरगढी कारवाना सुनिश्चित करें।

निर्णय आज दिनांक 07.06.2017 को सरे इजलास अदालत में सुनाया गया।

(सुरेश चावला)
सहायक कलेक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी मसूदा

Signature Not Verified
Digitally signed by Mohan Lal Khatnawalia
Date: 2019.12.03 16:14:49 IST
Reason: SelfAttested